तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026

14 पीजी कॉलेज में वार्षिक एथलेटिक मीट में अंकुश व



14 महात्मा गांधी की जयंती पर छात्रों ने दी शानदार



खबर संक्षेप

कार की टक्कर से बाइक सवार दंपत्ति घायल

यमुनानगर। शहर के कैल कलानौर बाईपास हाईवे पर गांव भंभौली के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार गांव ककडोनी निवासी कर्मपाल ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 22 सितंबर को शाम चार बजे वह अपनी पत्नी रूमालो देवी के साथ बाइक पर जा रहा था। जब वह कैल कलानौर बाईपास हाईवे पर गांव भंभौली के पास पहुंचे तो तेज रफ्तार से आ रही उत्तराखंड नंबर की एक आल्टो कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। राहगिरों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

बाइक सवार तीन दोस्तों के साथ मारपीट

यमुनानगर। गांव गनौली के पास गाड़ी में सवार होकर आए आधा दर्जन से अधिक युवकों ने बाइक को रुकवा कर तीन दोस्तों पर हमला कर दिया। जिससे तीनों दोस्त घायल हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद एक आरोपी को नामजद करते हुए आधा दर्जन अन्य युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार नई आबादी गांव अजीजपुर निवासी हैप्पी ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह 30 सितंबर को शाम पांच बजे अपने दोस्त गांव हडौली निवासी संतोष व शेखर के साथ बाइक पर जा रहा था। जब वह गांव गनौली के पास पहुंचे तो गाड़ी पर सवार होकर आधा दर्जन से अधिक युवक आए। आरोपियों ने आते ही उनकी बाइक को रोक लिया और उसके दोस्त संतोष के साथ मारपीट करने लगे।इसके बाद आरोपी गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गए।

बाइक सवार दो लड़कों ने युवक पर गिराया तेजाब

यमुनानगर। गांव बलाचौर के पास बाइक पर सवार होकर आए दो लड़कों ने गांव मछरौली निवासी 22 वर्षीय नवीन कुमार के ऊपर तेजाब डाल दिया। तेजाब डालने के बाद नवीन कुमार गंभीर रूप से झुलस गया। नवीन का इलाज अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद आरोपी बाइक सवार लड़के फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात बाइक सवार लड़कों के खिलाफ एसिड अटैक समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव मछरौली निवासी नवीन कुमार ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 28 सितंबर को सुबह साढ़े 11 बजे वह गांव बलाचौर के पास से जा रहा था। जब वह बलाचौर से थोड़ी आगे निकला तो बाइक पर सवार होकर दो लड़के आए। जब तक वह कुछ समझ पाता आरोपियों ने आते ही उसके ऊपर तेजाब गिरा दिया।

रिफाइनरी से कैटलिस्ट चोरी का चौथा आरोपी गिरफ्तार

पानीपत। सीआईए-2 पुलिस ने रिफाइनरी से करीब 2100 किलो कैटलिस्ट चोरी के मामले में फरार चौथे आरोपी गुरूचरण निवासी पिहोवा, कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार किया है। सीआईए-2 प्रभारी एसआई अनिल पंवार ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में रामशरणए जबिंद्र और लवप्रीत के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मामले में रामशरण से 48 हजार, जबिंद्र से 26 हजार और लवप्रीत से 12 हजार रुपये तथा वारदात में प्रयुक्त गाड़ी बरामद की जा चुकी है।

मीटर रीडरों ने जॉब सिक्योरिटी को लेकर ऊर्जा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

मांग पत्र केवल कागज नहीं, मेरे लिए प्रेम पत्र : मंत्री अनिल विज

प्रदर्शनकारी बोले, पिछले 16-17 साल से लगातार बिजली निगमों के लिए काम कर रहे इसके बाजवूद नौकरी की सुरक्षा नहीं मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। मंत्री अनिल विज से मुलाकात करने पहुंचे मीटर रीडर। फोटो : हरिभूमि

बिजली निगमों में काम कर रहे मीटर रीडरों ने वीरवार को ऊर्जा मंत्री अनिल विज से मुलाकात कर अपनी मांगें रखीं। प्रदेशभर से दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम और उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के सैकड़ों मीटर रीडर पहुंचे। उन्होंने ठेकेदारी प्रथा खत्म कर जॉब सिक्योरिटी देने की मांग की। मीटर रीडरों ने बताया कि वे पिछले 16-17 सालों से बिजली निगमों के लिए काम कर रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें नौकरी की सुरक्षा नहीं मिली है। हर 2-3 साल में ठेका बदलने के कारण नई कंपनी कम रेट पर काम लेती है जिसका असर कर्मचारियों की सैलरी पर पड़ता है। उनका कहना है कि कंपनियां बदलती रहती हैं, लेकिन मीटर रीडर वही रहते हैं। फरीदाबाद से आए मीटर रीडर ने कहा कि पूरे प्रदेश में मीटर रीडर अपनी मांग को लेकर मंत्री से मिलने पहुंचे हैं। उनकी मुख्य मांग है कि उन्हें ठेकेदारी व्यवस्था से निकालकर जॉब सिक्योरिटी दी जाए। उन्होंने कहा कि मीटर रीडर बिजली विभाग के लिए रेवेन्यू जुटाने में अहम भूमिका निभाते हैं। कई साल काम करने के बावजूद उन्हें सम्मानजनक वेतन और नौकरी की सुरक्षा नहीं मिल रही। एक अन्य मीटर रीडर ने कहा कि वे करीब 10 साल से काम कर रहे हैं। इस दौरान कई बार कंपनियां बदलीं, लेकिन उनकी स्थिति नहीं बदली। न तो वेतन में अपेक्षित बढ़ोतरी हुई और न ही जॉब सिक्योरिटी मिली। उन्होंने कहा कि ठेकेदारी प्रथा बंद कर कर्मचारियों को नौकरी की सुरक्षा दी जानी चाहिए। मीटर रीडर यूनियन ने ऊर्जा मंत्री अनिल विज को अपना मांग पत्र सौंपा। विज ने मांग पत्र लेते हुए कहा कि यह उनके लिए सिर्फ कागज नहीं, बल्कि प्रेम पत्र है। उन्होंने मीटर रीडरों की मांगों पर विचार करने और सकारात्मक समाधान निकालने का आश्वासन दिया। मीटर रीडरों के मुताबिक मंत्री ने बताया कि एमडी के साथ उनकी बैठक हुई है और आगे भी इस मुद्दे पर बैठक होगी। इसके बाद मांगों के समाधान की दिशा में कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

युवक ने पश्चिमी यमुना नहर में लगाई छलांग



इंद्री। पश्चिमी यमुना नहर मे युवक को तलाशने के लिए पहुंचे गोताखोर ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

पश्चिमी यमुना नहर के जैनपुर स्थित पुल से बुधवार देर शाम एक युवक द्वारा नहर में छलांग लगाने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलने के बाद गोताखोरों ने युवक की तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। गुरुवार को गोताखोरों और एसडीआरएफ की टीम ने नहर में सर्च अभियान चलाया, लेकिन तेज बहाव के कारण युवक का पता नहीं चल पाया। मिली जानकारी के अनुसार गांव खानपुर निवासी करीब 25 वर्षीय अमनदीप दिहाड़ी मजदूरी का काम करता था। बताया गया है कि बुधवार शाम उसने में पश्चिमी यमुना नहर में छलांग लगा दी है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों और गोताखोरों ने नहर में उसकी तलाश शुरू की, लेकिन काफी प्रयास के बावजूद युवक का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद गुरुवार सुबह गोताखोर प्रगट सिंह और आबिद खान के साथ एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। टीम ने नहर में सर्च अभियान चलाकर युवक की तलाश की, लेकिन नहर में पानी का बहाव तेज होने के कारण सफलता नहीं मिल सकी। युवक की दो छोटी बेटियां बताई जा रही है । जांच अधिकारी गुरजीत सिंह ने बताया कि गांव खानपुर निवासी करीब 25 वर्षीय अमनदीप के नहर में छलांग लगाने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची गुरुवार को गोताखोर प्रगट सिंह और एसडीआरएफ की टीम को बुलाकर सर्च अभियान चलाया गया। फिलहाल युवक का कोई सुराग नहीं मिला है और उसकी तलाश जारी है।

धूलकोट हादसे में सात हुई मृतकों की संख्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

धूलकोट हादसे में निर्माणाधीन भवन का लेंटर ढहने के मामले में अब मरने वालों की संख्या सात हो गई है। हादसे में घायल 57 साल के अशोक कुमार ने चंडीगढ़ पीजीआई में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हालत गंभीर होने के बाद उसे अंबाला शहर के सिविल अस्पताल से पीजीआई रेफर किया गया था। अशोक कुमार बिहार के पटना जिले के मोकामा के रहने वाले था। पिछले करीब 35 साल से बलदेव नगर में रह रहे था।

इसे पूरे घटनाक्रम की जानकारी अशोक कुमार ने ही प्रशासन को दी थी। बताया था कि वह निर्माणाधीन बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर मिस्त्री के तौर पर काम कर रहे था। ऊपर से शटरिंग और लेंटर गिरने लगा तो उन्होंने भागने की कोशिश की लेकिन इसके बाद वह मलबे में दब गया। उसके साथ तीन अन्य लोग भी काम कर रहे थे। वे भी मलबे में दब गए। इसके बाद वे बेहोश हो गए थे। जब होश आया तो खुद को अस्पताल में पाया। अशोक कुमार ने ही खुलासा किया था कि बिल्डिंग में करीब 6 महीने से काम चल रहा था। एक छत का लैंटर डाल दिया जाता था। सूखने से पहले ही दूसरी छत डाल दी जाती थी। इसी को हादसे की वजह बताया था। लगातार बिल्डिंग पर काम चल रहा था। सूखने का टाइम ही नहीं मिला।

एलएलबी की छात्रा ने युवक पर शादी का झांसा देकर संबंध बनाने का लगाया आरोप

करनाल। करनाल क्षेत्र में एलएलबी की छात्रा ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर कई बार संबंध बनाने, बाद में शादी से मुकरने, रुपये लेने और मोबाइल खरीदवाने का आरोप लगाया है। युवती ने युवक और उसके परिवार के सदस्यों पर गाली-गलौज तथा जातिसूचक टिप्पणी करने के आरोप भी लगाए हैं। पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के अनुसार वर्ष 2022 में उसकी फेसबुक के माध्यम से आरोपी युवक से बातचीत शुरू हुई थी। इसके बाद मुलाकात हुई और आरोपी ने उससे शादी करने का भरोसा दिया। शिकायत के अनुसार दोनों की कई बार मुलाकात हुई। बाद में आरोपी ने किसी अन्य महिला से शादी कर ली। पीड़िता का आरोप है कि बाद में आरोपी ने दोबारा संपर्क किया और पारिवारिक परेशानी बताकर शादी का भरोसा दिया। शिकायत के अनुसार इसके बाद दोनों की फिर मुलाकात हुई। युवती का आरोप है कि आरोपी ने उसके साथ संबंधों के दौरान बनाए गए वीडियो का हवाला देकर उसे डराया और उससे नकद तथा ऑनलाइन करीब 40 हजार रुपये लिए। उसके दस्तावेजों का इस्तेमाल कर मोबाइल फोन भी खरीदवाने का आरोप है। पीड़िता ने आरोपी के परिवार की एक महिला पर भी गाली-गलौज और जातिसूचक टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि इन घटनाओं से वह परेशान है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई चाहती है। पुलिस के अनुसार शिकायत की जांच के बाद संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच एसआई को सौंपी गई है और पुलिस आरोपों की जांच कर रही है।

ठसका मीरांजी फ्लाईओवर के पास सड़क हादसे में किसान की मौत

- इस्माईलाबाद में खेत से घर लौट रहे थे अखिलेश मनचंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

इस्माईलाबाद क्षेत्र में अंबाला-हिसार नेशनल हाईवे-152 पर ठसका मीरांजी फ्लाईओवर के पास बुधवार रात हुए सड़क हादसे में 45 वर्षीय अखिलेश मनचंदा की मौत हो गई। वह बाइक से अपने खेत से घर लौट रहे थे। इसी दौरान सर्विस लेन पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल अखिलेश ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान अखिलेश मनचंदा, निवासी पंजाबी मोहल्ला, इस्माईलाबाद के रूप में हुई है। वह खेती-बाड़ी का काम करते थे। वह भाजपा से जुड़े मार्केट कमेटी इस्माईलाबाद के पूर्व चेयरमैन मदन मनचंदा के चचेरे भाई थे। अखिलेश अपने परिवार में पत्नी नेहा, 8 वर्षीय बेटे निकुंज, 12 वर्षीय बेटी अवनी और मां के साथ रहते थे। इस्माईलाबाद थाना पुलिस ने अंकुर मनचंदा के बयान के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव का एलएनजेपी अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। हादसे के बाद पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि टक्कर मारने वाले वाहन और उसके चालक की पहचान की जा सके।

खेत से घर लौटते समय हुआ हादसा

अखिलेश के चचेरे भाई अंकुर मनचंदा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बुधवार रात करीब 9:30 बजे अखिलेश बाइक नंबर लृफ-07अऋृ-6760 से खेत से घर के लिए निकले थे। वह हाईवे के रास्ते इस्माईलाबाद की ओर आ रहे थे। ठसका मीरांजी फ्लाईओवर के पास सर्विस लेन पर पहुंचने के दौरान एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अखिलेश सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें उपचार के लिए एलएनजेपी अस्पताल, कुरुक्षेत्र ले जाया गया, जहां देर रात उन्होंने दम तोड़ दिया।

सड़क पर खड़े ट्रक से टकराई बाइक, युवक की मौत

करनाल। निसिंग क्षेत्र में सड़क पर खड़े ट्रक से बाइक टकराने के कारण 24 वर्षीय युवक दीपक की मौत हो गई। मृतक की पहचान कैथल के क्योड़क निवासी दीपक के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दीपक अपनी मौसी से मिलने जा रहा था और उसका विदेश जाने का वीजा भी लग चुका था। परिजनों के अनुसार सड़क पर ट्रक और एक कार चालक के बीच विवाद चल रहा था और ट्रक सड़क के बीच में खड़ा था। इसी दौरान दीपक बाइक लेकर वहां से निकला। अंधेरा होने और सड़क की स्थिति खराब होने के कारण बाइक ट्रक से टकरा गई। हादसे में दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार दीपक अविवाहित था। परिवार में उसकी मां, छोटा भाई और दादा हैं। उसके पिता का कई वर्ष पहले निधन हो चुका है। दीपक का विदेश जाने का वीजा लग चुका था और वह रवाना होने से पहले परिचितों तथा रिश्तेदारों से मिलने जा रहा था। जांच अधिकारी ऋषिपाल ने बताया कि निसिंग के पास सड़क पर एक ट्राला खड़ा था, जिससे बाइक सवार दीपक की टक्कर हुई। ट्रक चालक को मौके पर ही पकड़ लिया गया था। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। शिकायत के आधार पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

- निसिंग के पास हादसे में कैथल निवासी दीपक की गई जान, विदेश जाने की तैयारी में था
- परिजनों के अनुसार, अंधेरा व सड़क की स्थिति खराब होने के कारण हुआ हादसा

पेट्रोल पंप पर लूट की कोशिश का आरोपी गिरफ्तार, देसी कट्टा बरामद

- गत 30 सितंबर को रात करीब एक बजे हुई थी वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

पुलिस ने पेट्रोल पंप पर लूट की कोशिश करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में थाना शाहबाद की टीम ने पैट्रोल पंप पर लूट की कोशिश करने के आरोपी दलीप वासी शिवाला मंडी अंबाला कैंट जिला अंबाला को गिरफ्तार करके वारदात में प्रयोग देसी कट्टा व मोटरसाईकल बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 30 सितम्बर 2026 को पुलिस को सूचना मिली कि मोहडी फिलिंग स्टेशन पर दो लडको द्वारा लूट की वारदात को अंजाम देने की कोशिश की गई है। पैट्रोल पंप के संचालक सतबीर सिंह ने दी अपनी शिकायत में बताया कि वह अम्बाला छावनी का रहने वाला है। उसका मोहडी एनएच-44 के साथ मोहडी फिलिग स्टेशन के नाम से पट्रोल पम्प है। समय करीब 12-53 बजे सुबह पर पट्रोल पम्प कार्यरत निर्मल ने उसे फोन पर बताया कि दो अज्ञात लड़के मोटरसाइकिल पर आये थे। जिन्होने पहले पम्प से मोटरसाइकिल में तेल डलवाया और बाद में उन दोनो लडके सैल्समैन मनदीप सिंह व रमेश कुमार से पैसे मांगने लगे तथा गाली गलौच करने लगे। उसके बाद दोनो अरोपियो द्वारा लूट करने की नीयत से सैल्समैन मनदीप सिंह व रमेश कुमार के उपर देशी कट्टा लगा दिया और जबरदस्ती पैसे देने के लिये धमकाने और जान से मारने का धमकी देने लगे।

ठगों ने सस्ते उपचार का झांसा देकर महिला के खाते से निकाले 1.94 लाख

अंबाला। सस्ता इलाज व दवाएं उपलब्ध कराने का झांसा देकर पंजाब एंड सिंध बैंक के सेवानिवृत्त कर्मचारी से 1.94 लाख रुपये की ठगी कर ली। जालसाजों ने झांसे में लेकर बुजुर्ग से उनके बैंक खाते और पहचान संबंधी दस्तावेज हासिल किए और फिर वीडियो कॉल कर खाता साफ कर दिया। अंबाला शहर के मॉडल टाउन की रहने वाली 88 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह वर्ष 1999 में पंजाब एंड सिंध बैंक से सेवानिवृति ले चुकी हैं। बीते दिनों बैंक कर्मचारियों की हड़ताल की स्थिति के चलते 25 सितंबर को उनकी पेंशन खाते में आ गई थी। इसके बाद 27 सितंबर की दोपहर उनके मोबाइल पर एक नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को पेंशन स्कीम से जुड़ा बताकर झांसा दिया कि पेंशनरों का एक विशेष कार्ड बनाया जा रहा है, जिससे सस्ती दवाइयां और अन्य सुविधाएं मिलेंगी। आरोपी ने कार्ड बनाने के नाम पर उनसे बैंक खाता संख्या, पैन कार्ड और आधार संख्या संबंधी जानकारी ले ली। शातिर ने जानकारी लेने के बाद पीड़ित को वीडियो कॉल की। कॉल कटते ही जब बुजुर्ग ने अपना बैंक खाता जांचा तो उनके पंजाब एंड सिंध बैंक के खाते से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 1,94,019 रुपये की राशि उड़ाई जा चुकी थी। इसके बाद पीड़ित ने तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क कर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई। जांच अधिकारी उपनिरीक्षक जयदेव ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई है।

सेवानिवृत्त मैनेजर के खाते से साफ किए 2.99 लाख

अंबाला। यूको बैंक के सेवानिवृत्त मैनेजर को झांसे में लेकर साइबर ठगों ने 2,99,573 ठग लिए। अशोक विहार कॉलोनी के आदर्श गुप्ता ने 25 सितंबर को फेसबुक पर सीनियर सिटीजन हेल्थ कार्ड बनाने का विज्ञापन देखा था। इसके बाद ` उनके पास कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को यूको बैंक का प्रतिनिधि बताकर घर बैठे ऑन-लाइन हेल्थ कार्ड बनवाने का झांसा दिया और बैंक खाते की जानकारी हासिल कर ली।शक होने पर आदर्श गुप्ता ने तुरंत यूको बैंक के कस्टमर केयर पर कॉल कर अपना खाता फ्रीज करने का निवेदन किया, जहां से उन्हें खाता फ्रीज होने का आश्वासन मिला। हालांकि, 27 सितंबर की रात उनके खाते से 2,99,573.60 रुपये कट गए।

एक दर्जन कुत्तों ने किया था हमला, चेहरे पर गहरे जख्मों की वजह से होगी प्लास्टिक सर्जरी

बच्चे पर आवारा कुत्तों ने किया हमला, 30 गहरे जख्म, पीजीआई रेफर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। कुत्तों के हमले में जख्मी बच्चे को लेकर रोती मां।

एक दर्जन आवारा कुत्तों के झुंड ने 9 साल के बच्चे पर हमला कर दिया। कुत्तों ने बच्चे को जमीन पर गिराकर चेहरे, होंठ, सिर समेत शरीर के कई हिस्सों को बुरी तरह नोच डाला। हमले में बच्चे के शरीर पर 30 से ज्यादा गहरे जख्म हुए हैं। गंभीर हालत में परिजन उसे अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने चेहरे की प्लास्टिक सर्जरी के लिए उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया है। बिहार के सीतामढ़ी के भरोसी राम का परिवार पिछले करीब दो साल से छोटा कोट कछुआ में खेत मालिक अमन सैनी के खेत में बने कमरे में रहकर मजदूरी करता है। उनका 9 साल का बेटा अशोक सरकारी स्कूल में पहली कक्षा में पढ़ता है। घटना के समय बच्चे के पिता रमेश मजदूरी के लिए खेत में गए हुए थे। अशोक की मां रंजू देवी ने बताया कि शाम वह खेत में घास काट रही थी। इसी दौरान उसका छोटा बेटा आदित्य रोता हुआ उसके पास आया और बोला- भैया को कुत्तों ने घेर लिया है। यह सुनते ही वह मौके की ओर दौड़ी। करीब 10-15 कुत्ते अशोक को घेरकर नोच रहे थे। बच्चा डर के मारे चीख रहा था। शोर सुनकर आसपास के लोग और खेत मालिक अमन सैनी भी मौके पर पहुंचे। लोगों ने लाठियों, डंडों और ईंट-पत्थरों की मदद से कुत्तों को भगाया और बच्चे को उनके बीच से बाहर निकाला। लहुलुहान हालत में अशोक को अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल लाया गया। डॉक्टर मोहित पाठक के अनुसार बच्चे की छाती और कमर को छोड़कर लगभग पूरे शरीर पर कुत्तों के काटने के 30 से ज्यादा गहरे निशान हैं। चेहरे और होंठ पर भी गंभीर चोटें आई हैं। घाव काफी गहरे होने के कारण तत्काल टांके लगाना संभव नहीं था।

मां ने दो घंटे तक मांगी पैसों की मदद

उपचार के बाद डॉक्टरों ने बच्चे को चेहरे की प्लास्टिक सर्जरी के लिए पीजीआई भेजा है। हालांकि बच्चे को पीजीआई ले जाने के लिए रंजू देवी के पास न तो पैसे थे न ही कोई साधन वह करीब दो घंटे तक अस्पताल में गांव से साथ आए लोगों और आसपास मौजूद लोगों से मदद मांगती रही। बाद में अस्पताल कर्मचारी अमित ने उसकी आर्थिक मदद भी की। रात करीब 8:30 बजे घायल बच्चे को एंबुलेंस से चंडीगढ़ भेज दिया गया।

अंग्रेजों से अधिक तो अपने कुछ नेता देश को लूट रहेः बहल

आज का भारत देखकर काफी दुःखी हैं महात्मा गांधी की सहयोगी तारा बहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



वयोवृद्ध गांधीवादी तारा बहल।

सोचा नहीं था, शहीदों के सपनों का भारत ऐसा होगा

वयोवृद्ध गांधीवादी तारा बहल का कहना है कि उन्होंने कभी सोचा नहीं था कि आजादी के बाद शहीदों के सपनों का भारत ऐसा होगा। उन्होंने कहा कि जब भी मैं टीवी देखती हूं तो उसमें अपने देश की संसद में मौजूद सदस्य आपस में लड़ते रहते हैं। वे संसद का कीमती समय व पैसा बर्बाद करते हैं। आज देश में अपराध व भ्रष्टाचार को देखकर उन्हें बहुत दुख पहुंचता है। राजनीतिक दल अपने लाभ के लिए जनता से झूठे वादे कर सरकार बना रहे हैं और जनता को मूर्ख बनाया जा रहा है।

गांधी जयंती पर हम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद करते हैं। गांधी जी ने देश व दुनिया को अहिंसा का सिद्धांत दिया। उन्हीं के नक्शे कदम पर चल रही है लगभग 102 वर्षीय गांधीवादी व कस्तुरबा गांधी आश्रम रादौर की संचालिका वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी तारा बहल। वह पूरे जीवन गांधी जी के आदर्शों पर चलती रही हैं।

बहल देश के मौजूदा हालात को देखकर दुखी हैं। उन्होंने कहा कि देश को इतना तो अंग्रेजो ने भी नहीं लूटा, जितना कुछ नेता लूटने का काम कर रहे हैं।

तारा बहल जिले की एकमात्र जीवित महिला हैं जो महात्मा गांधी के साथ कार्य कर चुकी हैं। वह आज भी गांधी जी की तरह सप्ताह में एक दिन व्रत रखती हैं। उस दिन वह मौन व्रत रखती हैं। लगभग 82 वर्षों से वह निरंतर बुधवार को व्रत रखकर गांधी जी के आदर्शों पर चल रही हैं।

मात्र 13 वर्ष की आयु में नागपुर में गांधी जी से मिलने के बाद तारा बहल का जीवन बदल गया। 102 वर्षीय व्योवृद्ध गांधीवादी तारा बहल कस्तूरबा आश्रम रादौर की संचालिका हैं। वह गांधी जी से इतनी प्रेरित हुई कि उन्होंने आजीवन शादी नहीं की और देश व समाजहित में कार्य करते हुए गांधी जी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया। गांधी जी से मिलने के बाद वह गांधीवादी बनकर देश की आजादी के लिए किए गए संघर्ष में भागीदार बनी। उन्होंने देश को आजाद होते व विभाजित होते देखा। आज तारा बहल देश के हालात को देखकर बेहद दुखी हैं।



पात्रों तक पहुंचाएं सरकार की योजनाओं का लाभ : गिल

यमुनानगर। सेवा सेतु अभियान के तहत खंड प्रताप नगर की ग्राम पंचायत चुहड़पुर कलां के सामुदायिक केंद्र में एक विशेष समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छछरौली के एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। अध्यक्षता ब्लॉक समिति चेयरमैन प्रतिनिधि वीरेंद्र चौधरी ने की। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए। समाधान शिविर में प्रताप नगर क्षेत्र के विभिन्न गांवों से कुल 265 लोगों ने अपनी समस्याएं रखी। जिनमें से अधिकांश समस्याओं का मौके पर एसडीएम जसपाल सिंह गिल व अन्य अधिकारियों ने समाधान कर दिया। शिविर में आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, समाज कल्याण विभाग से जुड़ी सेवाओं तथा लाडो लक्ष्मी योजना आदि से जुड़े आवेदन आए। एसडीएम ने निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुंचाने के लिए विभाग मिलकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविरों का उद्देश्य जनता समस्याओं का शीघ्र समाधान करना है। इस अवसर पर बीडीपीओ कार्तिक चौहान, नायब तहसीलदार देवेंद्र सिंह, पंचायत ऑफिसर विकास कुमार, वाइस चेयरमैन संजीव कुमार, सरपंच गीता राम, नंबरदार बलिंदर, हरीश मित्तल, अशोक कुमार, रोहतास सिंह आदि मौजूद रहे।

- एसडीएम छछरौली ने सुनीं लोगों की समस्याएं

सेवा संकल्प अभियान के तहत बाड़ी माजरा से रेलवे पुल तक की सफाई

निगम कर्मियों ने 3 टन कूड़ा हटाकर चमकाया यमुना घाट

नगर निगम ने रिवर फ्रंट सौंदर्यीकरण के लिए चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। पश्चिमी यमुना नहर के किनारे सफाई अभियान चलाते नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर निगम द्वारा वीरवार को पश्चिमी यमुना नहर के यमुना घाट पर रिवर फ्रंट सौंदर्यीकरण एवं विशेष सफाई अभियान चलाया गया। मेयर सुमन बहमनी व नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के मार्गदर्शन में चलाए गए अभियान के दौरान बाड़ी माजरा पुल से लेकर रेलवे पुल तक यमुना नहर के किनारों की सफाई की गई।

अभियान की शुरुआत मुख्य सफाई निरीक्षक गोविंद शर्मा व वार्ड पार्षद प्रतिनिधि पवन प्रताप यादव द्वारा झाड़ू लगाकर की गई। इस अभियान में क्षेत्रवासियों व नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने भाग लेकर पश्चिमी यमुना नहर के किनारे पड़े कचरे, पॉलिथीन, उगी झाड़ियों, घास, अवांछित सामग्री व जमा गंदगी को साफ किया। नहर किनारे से लगभग तीन टन कचरा निकालकर उसका उचित निस्तारण किया गया। इसके साथ ही वहां पर उपस्थित नागरिकों को सार्वजनिक स्थानों एवं यमुना घाट को स्वच्छ बनाए रखने, कचरा निर्धारित स्थान पर डालने तथा स्वच्छता व्यवस्था में नगर निगम का सहयोग करने के लिए जागरूक किया गया।

अभियान का उद्देश्य पश्चिमी यमुना नहर के घाटों को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वच्छता के प्रति नागरिकों में जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना रहा। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि पश्चिमी यमुना नहर शहर की महत्वपूर्ण पहचान है और इसके घाटों को स्वच्छ एवं सुंदर रखना प्रशासन ही नहीं बल्कि सभी नागरिकों की प्राथमिकता है। सेवा संकल्प अभियान के तहत सफाई के साथ-साथ नागरिकों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। मुख्य सफाई निरीक्षक गोविंद शर्मा ने कहा कि अभियान के दौरान बाड़ी माजरा पुल से रेलवे पुल तक विशेष सफाई कर नहर किनारे जमा कचरे और झाड़ियों को हटाया गया। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि यमुना घाट और नहर के आसपास कचरा न डालें तथा सफाई व्यवस्था बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें।

खुदकुशी मामले में आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस

यमुनानगर। अमादलपुर नहर के पास करीब दो सप्ताह पहले ग्रीन विहार निवासी नरेश कुमार द्वारा आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह मामला मृतक राजेश कुमार की पत्नी शालू की शिकायत पर दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार ग्रीन विहार नजदीक शिव मंदिर जगाधरी निवासी शालू ने बूडिया पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसके पति 40 वर्षीय नरेश कुमार को राजेश काफी दिन से पैसों के लिए परेशान कर रहा था। आरोपी उसके पति को झूठे केस में फसाने की धमकी दे रहा था। जिस कारण उसका पति नरेश कुमार काफी परेशान था। इसी परेशानी के चलते उसके पति नरेश कुमार ने 11 सितंबर को दोपहर साढ़े तीन बजे अमादलपुर नहर के पास आत्महत्या कर ली। उसने आरोप लगाया कि राजेश कुमार ने उसके पति को आत्महत्या के लिए मजबूर किया था। जिस कारण उसके पति ने आत्महत्या की थी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी राजेश कुमार के खिलाफ 107 व 108 बीएनएस के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

'स्वच्छता ही सेवा' के तहत लगा योग और निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

- शिविर में 446 लोगों का जांचा स्वास्थ्य, विधायक घनश्याम दास अरोड़ा रहे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। जगाधरी हुड्डा सेक्टर-17 के सामुदायिक केंद्र में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में जांच करवाते हुए लोग। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी द्वारा जगाधरी के हुड्डा सेक्टर-17 स्थित सामुदायिक केंद्र में स्वच्छता ही सेवा के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 446 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। जिनमें 182 लोगों की आयुर्वेदिक पद्धति तथा 264 लोगों की सामान्य चिकित्सा पद्धति से जांच की गई। शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि के रुप में विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व विशिष्ठ अतिथि के रुप में मौके पर मौजूद पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल व निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने संयुक्त रुप से किया। मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा भी मौजूद रहे।

निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में जगाधरी की हुडा डिस्पेंसरी के प्रभारी एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रतीक, दंत सर्जन डॉ. श्रुति, फार्मेसी अधिकारी कमल कुमार, एलटी सुमित कुमार, सिविल अस्पताल जगाधरी की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. रिचा व मंजू समेत चिकित्सकों की टीम ने लोगों के रक्त, शुगर, दांत, आंख, रक्तचाप व सामान्य स्वास्थ्य की जांच की।

ये रहे मौजूद

मौके पर मार्केट कमेटी जगाधरी के चेयरमैन विपुल गर्ग, नगर निगम कार्यकारी अभियंता विकास धीमान, मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह, अमित कांबोज, विनोद बेनीवाल, भाजयुमो के जिला अध्यक्ष निश्चल चौधरी, पार्षद प्रियांक शर्मा, रीना रस्तोगी, जयंत स्वामी, भानू प्रताप, अंकित कुमार, दीक्षित, भाजपा जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह राणा, जगदीश विद्यार्थी व कृष्ण खदरी आदि मौजूद रहें।

सेवा संकल्प अभियान को जन-जन तक पहुंचाएं: प्रीति

यमुनानगर। सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा और जनकल्याण की भावना को पहुंचाना है। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी आपसी समन्वय के साथ पूरी निष्ठा और संवेदनशीलता से कार्य करें। उपायुक्त प्रीति ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों को सेवा संकल्प अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। उपायुक्त प्रीति ने कहा कि सेवा केवल सरकारी दायित्व नहीं है। बल्कि समाज के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी भी है। जरूरतमंद लोगों तक सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से पहुंचाना तथा उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना प्रशासन की प्रमुख जिम्मेदारी है। उपायुक्त प्रीति ने सभी विभागों के अधिकारियों को आह्वान किया कि सेवा संकल्प अभियान के दौरान लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाए और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक सहयोग किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनें और उनका नियमानुसार शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। उपायुक्त प्रीति ने जिलावासियों से भी आह्वान किया कि वह सेवा संकल्प अभियान से जुड़कर समाजहित के कार्यों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही सेवा, सहयोग और जनभागीदारी की भावना को और मजबूत किया जा सकता है। उपायुक्त प्रीति ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचे। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से आमजन को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ साथ उन्हें आवश्यक सेवाओं से जोड़ने का कार्य भी किया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान को केवल सरकारी कार्यक्रम तक सीमित न रखते हुए इसमें सामाजिक संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनों, जनप्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। सामूहिक प्रयासों से समाज के जरूरतमंद वर्गों की सहायता करने के साथ साथ सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को और मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वह सेवा संकल्प अभियान से जुड़कर समाजहित के कार्यों में अपनी सहभागिता निभाएं।



जिला परिषद चेयरमैन रमेश चंद ठसका ने साढ़ौरा अनाज मंडी का किया दौरा

धान का एक-एक दाना खरीदेगी सरकार

अधिकारियों को दिए निर्देश, किसानों को न होने दें किसी तरह की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। साढ़ौरा अनाज मंडी में धान खरीद की प्रक्रिया का निरीक्षण करते हुए जिला परिषद के चेयरमैन रमेश चंद ठसका। फोटो : हरिभूमि

जिला परिषद यमुनानगर के चेयरमैन रमेश चंद ठसका ने साढौरा अनाज मंडी का दौरा कर धान खरीद प्रक्रिया एवं मंडी में किसानों के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मंडी में पहुंचकर खरीद प्रक्रिया को बारीकी से देखा तथा अधिकारियों एवं संबंधित कर्मचारियों से फसल खरीद की जानकारी ली। मौके पर उन्होंने मंडी में स्थापित नमी मापने वाली मशीन का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने अफसरों को निर्देश दिए कि वे किसानों को किसी तरह की परेशानी न होने दें।

चेयरमैन रमेश चंद ठसका ने धान खरीद में लगे संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा खरीद प्रक्रिया निर्धारित नियमों के अनुसार सुचारू रूप से संचालित की जाए। मौके पर उन्होंने किसानों से भी बातचीत की। जिला परिषद चेयरमैन रमेश चंद ठसका ने किसानों से अपनी फसल को अच्छी तरह सुखाकर अनाज मंडी में लाए जाने की अपील की। ताकि खरीद प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए।

उपज बेचने में नहीं होगी परेशानी

उन्होंने किसानों से फसल को निर्धारित गुणवत्ता एवं नमी मानकों के अनुरूप मंडी में लेकर आएं। उन्होंने कहा कि मंडियों में खरीद, तौल और उठान प्रक्रिया पर लगातार नजर रखी जा रही है। ताकि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। मंडी में किसानों की सुविधा और खरीद व्यवस्था को प्राथमिकता दी जा रही है। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका साढौरा की चेयरपर्सन शालिनी शर्मा, मार्केट कमेटी साढौरा के चेयरमैन नवीन भसीन, किसान यूनियन से संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि सरकार किसानों की फसल खरीद के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसानों की फसल का एक एक दाना सरकार द्वारा खरीदा जाएगा।



पशुपालकों का पशुओं की सेहत के प्रति जागरूक होना जरूरी

रादौर। नवीन जिंदल फाउंडेशन के तत्वावधान में पशुपालकों की समस्याओं, उनकी जरूरतों व उन्हें मिल रही सरकारी सुविधाओं की स्थिति जानने के लिए सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर रादौर क्षेत्र के गांव नाचरौन व खजूरी में आयोजित बैठक में सर्वे टीम ने पशुपालकों से बातचीत की। सर्वे टीम का नेतृत्व सांसद नवीन जिंदल के एनिमल वेलफेयर एडवाइजर डॉ. श्याम झांवर ने किया। उन्होंने पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया। एनिमल वेलफेयर एडवाइजर डॉ. श्याम झांवर ने बताया कि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के सभी नौ हल्कों में गांव गांव जाकर पशुपालकों से सीधा संवाद किया जा रहा है। नवीन जिन्दल फाउंडेशन की टीम प्रतिदिन गांवों में पहुंचकर पशुपालकों से उनकी समस्याओं, पशुओं की नस्ल, इस्तेमाल किए जा रहे सीमन, पशुपालन से जुड़े खर्च, उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं व सरकारी योजनाओं से मिल रहे लाभ की जानकारी जुटा रही है। साथ ही यह भी पता किया जा रहा है कि किन सरकारी योजनाओं का लाभ अभी तक पशुपालकों तक नहीं पहुंच पाया है। उन्होंने बताया कि पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य, नस्ल सुधार व उत्पादन से जुड़ी समस्याओं के कारण होने वाले आर्थिक नुकसान से बचाने के लिए प्रभावी व्यवस्था विकसित करने पर भी विचार किया जा रहा है। सर्वे के आधार पर मेडिकल वेटरिनरी यूनिट जैसी सुविधा शुरू करने की संभावनाओं का भी अध्ययन किया जा रहा है। इस अवसर पर हल्का प्रभारी सोनी कुमार भी मौजूद रहे।

न्यूज डायरी



मून स्टार प्री स्कूल में बच्चों ने मनाई गांधी जयंती

रादौर। मून स्टार प्री स्कूल रादौर में वीरवार को गांधी जयंती का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। विद्यार्थी गांधीजी व फौजी आदि की पोशाकें पहनकर विद्यालय में आए। इस दौरान बच्चों ने देश भक्ति की कविताएं, गीत, भाषण, चित्रकारी, महात्मा गांधी के फोटो व पोर्ट्रेट भी बनाए। विद्यालय की मुख्य अध्यापिका रसमीन कौर ने विद्यार्थियों को बताया कि गांधी जयंती महात्मा गांधी जी की जयंती के रूप में व उनके द्वारा दिए सत्य, अहिंसा, प्रेम व शांति के संदेश को याद करने के लिए मनाते हैं। विद्यालय की को ऑर्डिनेटर रितु देवी ने सभी विद्यार्थियों को गांधी जयंती की बधाई दी। मौके पर नीतू, अनु, उमा, आंचल, शिवानी, वर्षा, सिमरन, बबीता, मीनू, शुभम व कृष्ण आदि मौजूद थे।



स्पर्धा के माध्यम से दर्शाया गांधी का जीवन संघर्ष

रादौर। लाइक पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल रादौर में वीरवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कक्षा 1 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए गांधी जी के जीवन एवं कार्यों पर आधारित क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने महात्मा गांधी जी के जीवन संघर्ष, स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान तथा उनके विचारों और आदर्शों पर भाषण प्रस्तुत किए। भाषणों के माध्यम से गांधी जी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सादगी एवं अनुशासन के संदेश को विद्यार्थियों तक पहुँचाया। विद्यार्थियों के लिए गांधी जयंती से संबंधित ड्राइंग गतिविधि आयोजित की गई जिसमें बच्चों ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से सुंदर चित्र बनाए। विद्यालय की प्रधानाचार्या नेहा देवी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए महात्मा गांधी जी के जीवन एवं आदर्शों पर अपने विचार सांझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों को सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और अनुशासन को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।



विज्ञान के मॉडल के जरिये दिखाई प्रतिभा

रादौर। जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के मुख्य खेल मैदान में बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में लगभग 50 स्कूलों के 205 विद्यार्थियों ने कुल 90 टीमों में अपने अपने मॉडल्स प्रदर्शित किए। संस्थान के डॉ. एसके गर्ग ने बताया बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने और उनका विज्ञान के प्रति आकर्षण बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजन जरूरी हैं। प्रदर्शनी में डीएवी स्कूल यमुनानगर की टीम ने प्रथम, महाराणा प्रताप स्कूल कुरुक्षेत्र की टीम ने द्वितीय तथा स्वामी विवेकानन्द पब्लिक स्कूल थापर कॉलोनी यमुनानगर की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डॉ. एसके गर्ग ने विजेताओं को सम्मानित किया।



विद्यार्थी अपनी सुरक्षा के प्रति रहें सचेतः नीलम

यमुनानगर। जिला पुलिस की सेफ सिटी टीम द्वारा राजकीय स्कूल तेजली में बच्चों की सुरक्षा, नशा के दुष्प्रभाव, गुड टच बैड टच व साइबर अपराध से बचाव को लेकर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रुप में सेफसिटी टीम की एएसआई नीलम ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति उनके साथ अनुचित व्यवहार करता है तो वह बिना किसी डर या झिझक के अपने माता पिता, शिक्षकों अथवा किसी विश्वसनीय बड़े व्यक्ति को इसकी जानकारी दें। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 पर संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। एएसआई नीलम ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों के प्रति भी जागरूक किया। विद्यार्थियों को बताया कि नशा न केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। बल्कि व्यक्ति के भविष्य, परिवार और समाज पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने तथा अपने मित्रों और परिवार के सदस्यों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।



गोगा माड़ी मेले में श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

रादौर। प्राचीन एवं ऐतिहासिक गोगा माड़ी पर चल रहे आठ दिवसीय मेले में सातवें दिन वीरवार को हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माड़ी में माथा टेका और पूजा अर्चना की। इस दौरान मन्नतें पूरी होने वाले श्रद्धालुओं ने निशान (छड़ी) चढ़ाए। वहीं, मेले में सजी दुकानों से श्रद्धालुओं ने जमकर खरीददारी की। वीरवार सुबह से ही रोज की तरह मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगी। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने गोगा माडी पर लाईनों में लगकर प्रसाद चढ़ाया और मन्नते मांगी। वहीं, सैंकड़ो श्रद्धालुओं ने माड़ी में निशान चढ़ाए। इस दौरान मेले के दुकानदारों रवि कुमार, संदीप, बिट्टू, गुरदीप, साहिल, बाबू राम, सुरेश व अजीब आदि ने बताया कि मेले में वीरवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंची। इस दौरान श्रद्धालुओं ने उनकी दुकानों से अच्छा सामान खरीदा। जिससे उनकी आय में काफी वृद्धि हुई। दुकानदारों ने बताया कि श्रद्धालुओं ने उनकी दुकानों से बच्चों के लिए खिलौने, धार्मिक किताबें व महिलाओं ने अपना श्रृंगार का सामान खरीदा। जिससे आज उनकी सेल में काफी वृद्धि हुई।

गांव कंड्रोली में दो पक्षों में हुई मारपीट

यमुनानगर। गांव कंड्रोली में दो पक्षों में झगड़ा हो गया। झगड़े में एक पक्ष में मारपीट करने तथा जाति सूचक शब्द बोलने का आरोप लगाया है जबकि दूसरे पक्ष का सामान चुराने व मारपीट करने समेत जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के बाद दर्जन भर लोगों को नामजद करते हुए अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव कंड्रोली निवास से सन्नी कुमार ने जठलाना पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 28 सितंबर को सुबह 11 बजे वह गांव के समुदायिक केंद्र में मौजूद था। इस दौरान गांव के ही बलिंदर, सुरेंद्र व लखन वहां आए। आरोपियों ने आते ही उसके साथ बहस शुरू कर दी। इसके बाद आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और उसे जाति सूचक शब्द बोले। पुलिस ने सन्नी कुमार की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, गांव कंड्रोली निवासी सुरेंद्र पाल ने जठलाना पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उनके गांव के ही मांगेराम, सन्नी, रमेश, मुकेश, पवन, सोनू, रोहित व अन्य सन्नी समेत 20- 25 अन्य लोगों ने लाठी डंडों से उन पर हमला कर दिया। आरोपियों ने उनका सामान चुराया और उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों को नामजद करते हुए 20-25 अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

खबर संक्षेप



रोहतक महापंचायत की तैयारी को लेकर जनसभा

कुरुक्षेत्र। आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन एवं संगठनों के आह्वान पर 26 अक्टूबर को प्रदेश स्तरीय किसान मजदूर छात्र युवा महिला महापंचायत रोहतक की तैयारी के क्रम में गांव सारसा की छोटी चौपाल जासो में एक जन सभा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता किसान-मजदूर नेता कॉमरेड राजेंद्र सिंह एडवोकेट थे।

एनकाम हास्पिटैलिटी में केयू के 7 विद्यार्थी चयनित

कुरुक्षेत्र। इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, ज्योतिसर, कुरुक्षेत्र में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट के सात विद्यार्थियों का एनकाम हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड में चयन हुआ। चयनित विद्यार्थियों में दीक्षा, सुरभि जांगड़ा, वैभव, अंशिका, अरशदीप, ज्योति शर्मा और मीनाक्षी शामिल हैं। विद्यार्थियों ने हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र के विभिन्न पदों के लिए आयोजित चयन प्रक्रिया में भाग लिया।

केयू में जागरूकता अभियान चलाया

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में आईआईएचएस परिसर में एनएसएस स्वयंसेवकों ने स्वच्छता एवं पर्यावरण जागरूकता अभियान में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. वीर विकास, डॉ. ज्योति चौहान, डॉ. अभिलाषा एवं डॉ. सचिन के निर्देशन में किया गया। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता, पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी, अनुशासन, टीम भावना एवं सामुदायिक सहभागिता की भावना को बढ़ावा देना था।

छठे सामुद्रिक महाद्वीपीय केंद्र अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में केयू ने की प्रतिभागिता

साझी समुद्री विरासत से सुदृढ़ होंगे भारत-इंडोनेशिया के संबंध: सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि भारत-इंडोनेशिया के आर्थिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक संबंध साझी समुद्री विरासत से सुदृढ़ होंगे। समुद्री भविष्य को सुरक्षित, समावेशी और पर्यावरणीय रूप से संतुलित बनाने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी, आंकड़ा-आधारित निर्णय, प्रभावी सुशासन तथा अंतरराष्ट्रीय सहयोग आवश्यक हैं। वे गुरुवार को इंडोनेशिया के तंजुंगपिनांग स्थित राजा अली हाजी सामुद्रिक विश्वविद्यालय (उमराह) में आयोजित छठे सामुद्रिक महाद्वीपीय केंद्र अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 2026(आनलाइन) में सामुद्रिक भविष्य की सुरक्षाः सुदृढ़ नील अर्थव्यवस्था हेतु आधुनिक प्रौद्योगिकी एवं शासन को अग्रसर करना विषय पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि समुद्र का भविष्य केवल जहाजों, बंदरगाहों और नौसैनिक शक्ति से निर्धारित नहीं होगा, बल्कि ज्ञान, आंकड़ों की समझ, प्रभावी शासन व्यवस्था और आपसी सहयोग भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रो. सोमनाथ ने कहा कि समुद्र वैश्विक अर्थव्यवस्था, खाद्य सुरक्षा, आजीविका और पर्यावरण से गहराई से जुड़ा हुआ है। ऐसे में नीली अर्थव्यवस्था को केवल आर्थिक गतिविधियों तक सीमित रखने के बजाय इसे पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समावेशन, जलवायु अनुकूलन और तकनीकी नवाचार से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने समुद्री क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, उपग्रह, संवेदक, स्वचालित प्रणालियों, इंटरनेट आधारित तकनीक और आंकड़ा विश्लेषण के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इन तकनीकों के माध्यम से समुद्री प्रदूषण, अवैध मत्स्य आखेट, तेल रिसाव, चक्रवात और बंदरगाहों से संबंधित विभिन्न चुनौतियों की निगरानी तथा समय रहते उनके समाधान में सहायता मिल सकती है।



कुरुक्षेत्र। छठे सामुद्रिक महाद्वीपीय केंद्र अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में ऑनलाइन मौजूद कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व अन्य।

केयूके और यूएमआरएएच के बीच समुद्री ज्ञान सेतु का प्रस्ताव

प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और यूएमआरएएच के बीच समुद्री ज्ञान सेतु स्थापित करने का प्रस्ताव रखा। इसके अंतर्गत पांच प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग की परिकल्पना की गई है। इनमें नीली अर्थव्यवस्था पर संयुक्त अनुसंधान, समुद्री शासन एवं नीति, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा स्मार्ट समुद्री तकनीक, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का आदान-प्रदान और संयुक्त हिंद-प्रशांत ज्ञान मंच शामिल हैं। उन्होंने संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं, वेबिनार श्रृंखला, ग्रीष्मकालीन विद्यालय, संयुक्त शोध प्रस्तावों तथा विद्यार्थियों और शिक्षकों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। प्रस्तावित सहयोग के माध्यम से समुद्री अर्थव्यवस्था, मत्स्य आजीविका, तटीय क्षेत्र की सहनशीलता, बंदरगाहों, समुद्री साइबर सुरक्षा, उपग्रह आधारित विश्लेषण और आधुनिक समुद्री तकनीकों जैसे क्षेत्रों में संयुक्त कार्य को बढ़ावा दिया जा सकता है। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र पाल, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार, प्रो. वीएन अत्री, डीन आफ कॉलेजिज प्रो. बजेश साहनी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्रो. मंजूला चौधरी, प्रो. अनिल मित्तल, प्रो. अशोक चौहान, प्रो. अर्चना चौधरी, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, उप-निदेशिका डॉ. जिम्मी शर्मा, सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

सात अंतरराष्ट्रीय विवि के साथ हो चुका एमओयू

27 सितम्बर 2023 को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा सात प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे जो कि वैश्विक शैक्षणिक सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इंडोनेशिया के बाटम शहर में ब्लैंडिड मोड में आयोजित 29वीं आईएमटी-जीटी बैठक के मौके पर ऑनलाइन माध्यम से समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस समझौते में इंडोनेशिया के छह विश्वविद्यालय यूनिवर्सिटास सियाह कुआला, यूनिवर्सिटास लैम्पुंग, यूनिवर्सिटास मैरिटिम राजा अली हाजी, यूनिवर्सिटास सुमाटेरा उतरा, यूनिवर्सिटास जंबी, और यूनिवर्सिटास रियाउ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, मलेशिया का एक विश्वविद्यालय, यूनिवर्सिटी टेक्नोलॉजी मारा भी इस समझौता ज्ञापन का हिस्सा बना था।

बन्दी सिखों की रिहाई के लिए संगत ने किया रोष प्रदर्शन

राष्ट्रपति और पीएम के नाम सीटीएम को ज्ञापन सौंपा



कुरुक्षेत्र। बन्दी सिखों की रिहाई के लिए धरना-प्रदर्शन करती संगत और हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धर्मनगरी की सिख संगत ने वीरवार को रोष प्रदर्शन कर देश की अलग अलग जेलों में बंद सजा पूरी कर चुके बन्दी सिखों की रिहाई की अपील की। सिख संगत कुरुक्षेत्र के ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में एकत्रित हुई और यहां से अलग अलग साधनों से उपायुक्त कार्यालय पहुंचे। यहां करीब डेढ़ घंटे तक सतनाम वाहेगुरु का सिमरन किया। संगत ने पहले जिला के डीसी को ज्ञापन देने की मांग की लेकिन डीसी के किसी मीटिंग में व्यस्त होने की वजह से देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम सीटीएम आशीष कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के मैंबर मेजर सिंह और गुरनाम सिंह लाडी डबरी ने कहा कि बन्दी सिख अपनी अपनी सजा पूरी कर चुके हैं, बावजूद इसके सरकार उन्हें रिहा नहीं कर रही। सिख संगत की मांग है कि बन्दी सिखों को रिहा किया जाए। रोष व्यक्त करते हुए हरकीरत सिंह ने कहा कि जगतार सिंह हवारा की माता बहुत बीमार है और उनसे मिलने के लिए जगतार सिंह हवारा को पैरोल भी नहीं दी जा रही। उन्होंने कहा कि बन्दी सिख अपनी सजा पूरी कर चुके और वे 30-30 साल से जेलों में बंद है। सरकार को सिख कौम को इस मांग को पूरा करना चाहिए। इस दौरान हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के एडिशनल सेक्रेटरी राजपाल सिंह दुनिया माजरा पीए, उप सचिव अमरिंदर सिंह, उप सचिव रुपिंदर सिंह, फ्लाइंग इंचार्ज जज सिंह, आईटी विभाग प्रभारी हरकीरत सिंह, अमला शाखा प्रभारी हरविंदर सिंह, मैनेजर हरमीत सिंह व अन्य स्टाफ भी इस धरने में शामिल हुआ।

श्रीब्रह्मा मंदिर का वार्षिक स्थापना दिवस मनाया



कुरुक्षेत्र। जय ओंकार अंतरराष्ट्रीय सेवाश्रम संघ की ओर से जय ओंकार आश्रम श्रीब्रह्मा मंदिर में सृष्टि रचयिता भगवान श्रीब्रह्मा मंदिर का वार्षिक स्थापना दिवस श्रीब्रह्मा सिद्ध पीठ कुरुक्षेत्र में स्वामी शक्ति देव महाराज कुरड़ी वाले एवं सदगुरुदेव स्वामी संतोष ओंकार महाराज कुरडी वालों के सानिध्य में सेवा-दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीब्रह्माजी व जगतमाता ब्रह्मणी जी, वेद माता गायत्री जी के चरणों में सामूहिक ओंकार महायज्ञ किया। पूणाहुंति सदगुरुदेव स्वामी शक्ति देव जी महाराज कुरडी वाले द्वारा डाली गई। इस अवसर पर श्रीब्रह्मा सिद्ध पीठ पर विधिवत मंत्रौच्चारण कर श्रीब्रह्मा परिवार को भोग लगाकर पूजा अर्चना कर कन्या पूजन व ब्राह्मण पूजन कर कर भंडारे का श्रीगणेश किया गया।

सरकारी बसों के पास निजी बसों में मान्य करने के लिए सौंपा ज्ञापन

पिहोवा। अरूणाय रोड स्थित गांव धनीरामपुरा के समीप आईटीआई के विद्यार्थियों का बस पास निजी बसों में न मान्य होने से उनमें भारी रोष व्याप्त है। इस समस्या से तंग होकर आज आईटीआई के छात्र कर्ण, गगन, पारस, लवकुश, मनीष, विक्रम, अमित सहित अनेक विद्यार्थियों ने एसडीएम के नाम तहसीलदार पूनम सोलंकी को ज्ञापन सौंपा। विद्यार्थियों ने अपनी समस्याओं को लेकर इसके निवारण की मांग की है। विद्यार्थियों ने बताया कि वे समस्त विद्यार्थी आई.टी.आई धनीरामपुरा पिहोवा के छात्र है। सभी विद्यार्थी भिन्न-भिन्न गांव के है। उन्होंने सभी ने अपने-अपने बस पास बनवाए हुए है, और हमारे बस पास हरियाणा परिवहन विभाग द्वारा सरकारी व गैर सरकारी बसो के लिए जारी किए हुए है।

नायब सैनी किसानों से किया वादा करें पूरा : हुड्डा

धान पर 700 रुपये का बोनस व 3100 रुपये में खरीद हो : दीपेन्द्र हुड्डा

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| पिहोवा

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा पिहोवा कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यकतार्ओं को संबोधित करते हुए दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में भाजपा और चुनाव आयोग ने मिलीभगत कर जनभावना को हराया है। जनभावना को दरकिनार करने वाली बीजेपी ने चुनाव के समय जनता से किया कोई वादा पूरा नहीं किया। दीपेन्द्र ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने तीन सीजन पहले 2024 में किसानों को पीआर धान का 3100 रुपये का भाव देने का वादा किया था। लेकिन आज तक 3100 की एमएसपी डिक्लेयर नहीं हुई। नायब सैनी किसानों से किया वादा पूरा करें। दीपेन्द्र हुड्डा ने मांग करी कि धान की एमएसपी 2400 से बढ़ाई जाए। एमएसपी नहीं बढ़ती है तो हुड्डा सरकार की तर्ज पर 700 रुपये का बोनस घोषित करके 3100 रुपये के भाव में धान खरीदा जाए।



पिहोवा। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा को तलवार भेंट करते विधायक मनदीप चट्ठा।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा, जिलाध्यक्ष मेवा सिंह, विधायक रामकरण काला, कैलाशो सैनी, सुल्तान जडोला, ब्लॉक प्रधान कर्ण चटठा,राकेश बधवार, जितेंद्र बबलू, गोपाल कौशिक, सुखबीर ग्रेवाल, मोहित राणा, लाल चंद मांगना, जगजीत दीवाना, हरप्रीत वड़ैच, रघुबीर सिंह, बलदेव मसीह, अवतार कंबोज, जसमेर बटेडी, हरमनदीप सिंह विर्क, पाला राम मास्टर, रोकी राणा, मोहन लाल भांवरा, नरेंद्र पुरी सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

न्यूज डायरी

सत्य और सेवा का मार्ग अपनाएं: साधनानंद

पिहोवा। संत प्रेम सेवानंद महाराज के सानिध्य में गुरुद्वारा रोड स्थित श्री अनंत प्रेम आश्रम में पितृ पक्ष के उपलक्ष्य में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए। कथा के दौरान भजनों पर श्रद्धालु झूमते रहे और संपूर्ण वातावरण भक्तिमय बना रहा। व्यास पीठ से संत प्रेम साधनानंद ने भगवान के 24 अवतारों की कथा सुनाई। उन्होंने सर्वप्रथम सृष्टि की उत्पत्ति और रचना प्रक्रिया का वर्णन करते हुए परमात्मा की महिमा का बखान किया, इसके बाद शुकदेव जी के जन्म और वैराग्य का प्रसंग सुनाया। राजा परीक्षित के जन्म का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने गर्भ में ही उनकी रक्षा की थी। भगवान कपिल के जन्म और माता देवहूति को दिए आत्मज्ञान एवं सांख्य दर्शन के उपदेश का प्रसंग भी सुनाया। संत प्रेम साधनानंद ने कहा कि इन प्रसंगों का उद्देश्य मनुष्य को धर्म और अध्यात्म के मार्ग से जोड़ना है।



गीता कन्या स्कूल में मनाई गांधी जयंती

कुरुक्षेत्र। विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया गया। इस अवसर पर एकादश कक्षा की छात्रा यशवी ने गांधीजी के जीवन और उनके सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों को गांधी जी द्वारा बताए गए सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सादगी और आत्मनिर्भरता के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र कलेर, उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, शिक्षाविद डॉ हरि प्रकाश शर्मा, सदस्य डॉ सौरभ त्रिखा व डॉ राजेश अग्रवाल, महिला प्रतिनिधि अंजलि शर्मा एवं प्राचार्या सुमन बाला ने महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी को नमन किया।



गेहूं की एमएसपी में मात्र 25 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी किसान के साथ मजाक: डॉ. खैहरा

कुरुक्षेत्र। गेहूं की न्यूनतम समर्थन मूल्य में मात्र 25 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी पर युवा जननायक जनता पार्टी के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह खैहरा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गेहूं की टरढ में की गई यह मामूली बढ़ोतरी किसानों की बढ़ती लागत और उनकी मेहनत के साथ न्याय नहीं करती। डॉ. खैहरा ने कहा कि आज खेती का खर्च लगातार बढ़ रहा है। डीजल, खाद, बीज, कीटनाशक, कृषि उपकरण, बिजली, मजदूरी और सिंचाई सहित खेती से जुड़ी लगभग हर लागत में बढ़ोतरी हो चुकी है। किसान दिन-रात मेहनत करके देश के लिए अन्न पैदा करता है, लेकिन जब उसकी फसल का उचित मूल्य देने की बात आती है तो केवल 25 रुपये प्रति क्विंटल यानी 25 पैसे प्रति किलो की बढ़ोतरी कर दी जाती है। डॉ. खैहरा ने कहा कि एक तरफ महंगाई लगातार बढ़ रही है और दूसरी तरफ खेती की लागत में भी इजाफा हो रहा है। किसान को अपनी फसल तैयार करने के लिए महंगे बीज, खाद, दवाइयां, डीजल और मजदूरी पर अधिक खर्च करना पड़ रहा है।



कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में पशुपालकों का सर्वे शुरू

कुरुक्षेत्र। पशुपालकों की समस्याओं को समझने और उनकी वास्तविक जरूरतों के आधार पर समाधान की दिशा तय करने के लिए सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में व्यापक सर्वे शुरू किया गया है। इसी कड़ी में आज टीम ने थानेसर विधानसभा क्षेत्र के गांव बारना में पहुंचकर पशुपालकों और किसानों से सीधा संवाद किया तथा पशुपालन से जुड़ी उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। यह सर्वे सांसद नवीन जिन्दल के एडवाइजर एनिमल वेलफेयर डॉ. श्याम झांवर के नेतृत्व में किया जा रहा है। सर्वे के दौरान पशुपालकों से पशुओं की नस्ल, नस्ल सुधार के लिए इस्तेमाल किए जा रहे सीमन, पशुओं के इलाज की उपलब्ध सुविधाओं, पशुपालन पर होने वाले खर्च, दूध उत्पादन तथा सरकारी योजनाओं से मिलने वाले लाभ की जानकारी जुटाई जा रही है। डॉ. श्याम झांवर ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल का उद्देश्य है कि पशुपालकों की समस्याओं को केवल कागजों तक सीमित न रखा जाए।

किड्जी स्कूल में करवाई विभिन्न गतिविधियां



लाडवा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में वीरवार को लाडवा के किड्जी स्कूल में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नन्हे-मुन्ने बच्चों को महात्मा गांधी के जीवन, उनके विचारों तथा सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों से परिचित करवाना था। इस अवसर पर बच्चों ने बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। कुछ नन्हे बच्चे महात्मा गांधी के वेश में तैयार होकर विद्यालय पहुंचे, जिन्होंने अपने मनमोहक रूप और आत्मविश्वास से सभी का ध्यान आकर्षित किया। बच्चों ने गांधी के जीवन से संबंधित कविताएं, भाषण एवं छोटे-छोटे संवाद प्रस्तुत कर उनके आदर्शों को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या विम्मी तनेजा ने बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को देश के महान व्यक्तित्वों के जीवन से प्रेरणा लेने और अच्छे संस्कार अपनाने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने बच्चों को महात्मा गांधी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित भी किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों सहित स्कूल स्टाफ भी मौजूद रहा।

आयुष विवि में सेवा संकल्प अभियान के तहत चलाया स्वच्छता अभियान

कुरुक्षेत्र। श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान की प्रेरणा से महात्मा गांधी जयंती के उपलक्ष्य में सेवा संकल्प अभियान के तहत 1 से 15 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है। कुलपति के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने गुरुवार को विश्वविद्यालय परिसर तथा आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान, आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता तथा आयुर्वेदिक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. राजा सिंगला ने स्वयं सफाई अभियान में भाग लिया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन या किसी विशेष अभियान तक सीमित रहने वाला कार्य नहीं है, बल्कि इसे अपनी दैनिक जीवनशैली और जिम्मेदारी का हिस्सा बनाना चाहिए।

सेंट पीटर कान्वेंट स्कूल में गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाई



कुरुक्षेत्र। सेंट पीटर कान्वेंट स्कूल मोहन नगर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विशेष कार्यक्रम एवं एक्ट प्रस्तुत किए गए, जिसमें दोनों महान नेताओं के जीवन और उनके आदर्शों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भाषण प्रस्तुत किए तथा महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, संघर्ष और देश के प्रति योगदान के बारे में बताया। विद्यार्थियों को सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, अनुशासन, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा के महत्व से भी अवगत कराया गया। वहीं, लाल बहादुर शास्त्री के प्रसिद्ध नारे जय जवान, जय किसान के माध्यम से देश के जवानों और किसानों के महत्व को समझाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विपिन कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का सादा जीवन, उच्च विचार, ईमानदारी और देशसेवा की भावना हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने दोनों महान विभूतियों के विचारों और देश के प्रति उनके योगदान को जाना तथा राष्ट्रप्रेम और जिम्मेदारी की भावना को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

धर्म-कर्म

भव्य शोभायात्रा के साथ होगा शुभारंभ, 29 अक्टूबर को करवा चौथ उत्सव

देवीकूप भद्रकाली मंदिर में 11 से शुरू होगा नवरात्रि महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीदेवीकूप (भद्रकाली) मंदिर, झांसा रोड, कुरुक्षेत्र में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर शक्ति महोत्सव एवं नवरात्रि कार्यक्रम-2026 का आयोजन श्रद्धा और भव्यता के साथ किया जाएगा। मंदिर परिसर में नवरात्रि के दौरान विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की शुरूआत 11 अक्टूबर, रविवार को प्रथम नवरात्र के अवसर पर होगी। सुबह 8 बजे कलश पूजन सुनील शर्मा, कुरुक्षेत्र द्वारा किया जाएगा, जबकि सुबह 9 बजे ध्वजारोहण अध्यक्ष द्वारा किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 12 बजे भव्य शोभायात्रा, ज्योति पूजन एवं शुभारंभ समारोह आयोजित होगा। मंदिर के पीठाध्यक्ष पंडित सतपाल शर्मा के अनुसार शोभायात्रा में 52 शक्तिपीठों के प्रतीक स्वरूप 52 शक्ति त्रिशूल, सैकड़ों मां के लाल ध्वज तथा विभिन्न धार्मिक झांकियां शामिल होंगी। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा मां भगवती के जयकारों के साथ धार्मिक वातावरण को भक्तिमय बनाया जाएगा। नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन शाम 6 बजे ज्योति प्रतिष्ठापना तथा शाम 7 बजे हवन-यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। 12 अक्टूबर को दीपक चोपड़ा एवं परिवार, 13 अक्टूबर को जे.सी. आशीष मल्होत्रा, 14 अक्टूबर को संदीप कुमार, 15 अक्टूबर को कीर्ति खोसला, 16 अक्टूबर को लक्की काठपाल, वरूण कपूर, डा. दीपक अग्रवाल, संजीव छाबड़ा सहित समस्त रोटरी क्लब कार्यकारिणी, 17 अक्टूबर को अमन कुमार एचसीएस, 18 अक्टूबर को एस.के. गोयल सहित अन्य श्रद्धालुओं एवं गणमान्य लोगों की ओर से धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता रहेगी।



कुरुक्षेत्र। मां भद्रकाली।

19 अक्टूबर को होगा भव्य दुर्गाष्टमी जागरण

नवरात्रि महोत्सव का प्रमुख आकर्षण 19 अक्टूबर, सोमवार को रात्रि 9 बजे आयोजित होने वाला श्रीदुर्गाष्टमी जागरण रहेगा। इसमें सवाई भाट (राजस्थान) तथा सौम्या पाठक (रांची) सहित प्रसिद्ध कलाकार मां भगवती का गुणगान करेंगे। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के लिए विशेष धार्मिक एवं भक्ति प्रस्तुतियां होंगी। इसके अलावा 29 अक्टूबर, गुरुवार को दोपहर 3 बजे करवा चौथ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। आयोजकों ने बताया कि देवीकूप भद्रकाली मंदिर को मां सती के 52 महान शक्तिपीठों में एक प्राचीन शक्तिपीठ के रूप में श्रद्धा का प्रमुख केंद्र माना जाता है। नवरात्रि के अवसर पर देशभर से श्रद्धालु मां भद्रकाली के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। मंदिर प्रबंधन ने श्रद्धालुओं से नवरात्रि महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धार्मिक आयोजनों का लाभ उठाने तथा मां भद्रकाली का आशीर्वाद प्राप्त करने का आह्वान किया है।

बस के संचालन में कई नियमों का उल्लंघन सामने आया

बस कंडक्टर के पास भी नहीं मिला जरूरी ट्रेनिंग सर्टिफिकेट, दो चालान भी नहीं भरे

परमिट नियमों की धज्जियां उड़ा रही बस को आरटीए ने इंपाउंड किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

आरटीए विभाग ने नियमों का उल्लंघन कर सावारियों को ले जा रही एक बस को इंपाउंड किया है। जांच के दौरान बस टूरिस्ट परमिट पर संचालित होती मिली जबकि इस परमिट के तहत इस तरह सवारियां ले जाने की अनुमति नहीं है। बस में सवार लोगों के लिए परमिट नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था। आरटीए अधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि जांच के दौरान बस के कंडक्टर के पास आवश्यक ट्रेनिंग सर्टिफिकेट भी नहीं मिला। इसके अलावा बस में प्रेशर हॉर्न लगा हुआ मिला। अधिकारी के अनुसार बस के संचालन में कई नियमों का उल्लंघन सामने आया। इससे सरकारी राजस्व को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा था। इन्हीं अनियमितताओं के चलते बस को इंपाउंड कर कार्रवाई की गई है।



एआई जेनरेटेड

बस का इंश्योरेंस तक नहीं था

इंपाउंड की गई बस पर जगह-जगह शुभम लिखा हुआ है, जबकि आगे की तरफ कांच पर भारतीय जनता पार्टी का कमल का लोगो भी लगा हुआ है। बस की ऑनलाइन जानकारी चेक करने पर इसके 2 चालान पेंडिंग मिले। इनमें पहला चालान 1 जून 2026 को सीट बेल्ट नियमों का उल्लंघन करने और परमिट में निर्धारित उद्देश्य के विपरीत वाहन चलाने पर काटा गया था। इस मामले में 11 हजार रुपए का चालान हुआ था। वहीं दूसरा चालान 15 जुलाई 2026 को 500 रुपए का काटा गया था। दोनों चालान अभी पेंडिंग बताए जा रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि कुछ बसें पंजाब और हरियाणा के अलग-अलग स्थानों से सवारियों को लेकर उत्तर प्रदेश और बिहार जाती हैं। कई बार यात्रियों को गुमराह करके बस में बैठाया जाता है। जांच के दौरान कुछ बसों के दस्तावेज भी अधूरे पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि एक दिन पहले जांच में मिली एक बस का इंश्योरेंस तक नहीं था।

यात्री परमिट की जानकारी जरूर जांच लें

सुशील कुमार ने परमिट की जानकारी जरूर जांच लें से अपील की कि किसी भी बस में सफर करने से पहले उसके दस्तावेज और परमिट की जानकारी जरूर जांच लें। इसके लिए भारत सरकार के एम परिवहन ऐप पर बस का नंबर डालकर इंश्योरेंस, प्रदूषण प्रमाणपत्र और परमिट की स्थिति देखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि यात्रियों को यह भी देखना चाहिए कि जिस बस में वे सफर कर रहे हैं, वह नियमों के तहत संचालित हो रही है या नहीं। नियमों का पालन नहीं करने वाली बस के साथ हादसा होने की स्थिति में यात्रियों की सुरक्षा बड़ा सवाल बन सकती है। यात्रियों को सरकारी बस सेवा का इस्तेमाल करने की सलाह भी दी। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से अंबाला कैंट से प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे लखनऊ के लिए बस संचालित की जा रही है। इसमें प्रशिक्षित ड्राइवर और कंडक्टर तैनात हैं और यात्रियों के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। हरियाणा सरकार का बिहार सरकार के साथ भी समझौता हुआ है। इसके तहत अंबाला समेत अन्य शहरों से पटना साहिब तक बस सेवा शुरू की जा रही है। आने वाले समय में इन बस सेवाओं की संख्या बढ़ाई जाएगी, ताकि यात्रियों को सुरक्षित और सुविधाजनक परिवहन उपलब्ध कराया जा सके।

खबर संक्षेप

सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया

नारायणगढ़। सरकार द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत गांव डेरा स्थित कम्यूनिटी हॉल में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी की गईं। शिविर के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उनके घर-द्वार के नजदीक उपलब्ध करवाया गया।

समस्याओं का किया समाधान

नारायणगढ़। समाज कल्याण विभाग के सहायक सतीश कुमार ने बताया कि प्रो-एक्टिव के माध्यम से पात्र लाभार्थियों की पहचान कर शिविर में गांव कालाअंब के रामनाथ एवं अश्विनी कुमार तथा गांव डेरा के निर्मल सिंह की वृद्धावस्था पेंशन से संबंधित प्रक्रिया पूरी की गई सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम शिवजीत भारती ने लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन जसविंद्र सिंह बख्तुआ, सहायक अधीक्षक अश्वनी शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

एयरफोर्स जवान के खाते से 1.95 लाख रुपये गायब

अंबाला। एसबीआई योनो एप से भुगतान करने के दौरान मोबाइल फोन हैक कर एयरफोर्स स्टेशन कैंट में तैनात जवान के खाते से 1.95 लाख रुपये कट गए। मूल रूप से धुले (महाराष्ट्र) के रहने वाले बधाने पतिगराज युवराज ने 28 सितंबर को अपने परिचित सर्राफा व्यापारी को 50 हजार रुपये की पेमेंट करने के लिए मोबाइल में एसबीआई का योनो एप खोला था। पेमेंट प्रक्रिया के दौरान अचानक उनका मोबाइल फोन जाम हो गया। कुछ देर बाद जब फोन सामान्य हुआ और उन्होंने बैंक खाता चेक किया, तो उनके होश उड़ गए। खाते से व्यापारी को भेजी गई रकम के अलावा 1,95,000 अतिरिक्त कट चुके थे। पीड़ित जवान ने तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। जांच अधिकारी विक्रम ने बताया कि जवान के बयान के आधार पर धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

आचार्य रघुवीर गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में एथलेटिक मीट

पीजी कॉलेज में अंकुश और गुरदेवी बेस्ट एथलीट घोषित

5000 मीटर दौड़ में श्रेयम श्रीराम व छवि ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला छावनी के आचार्य रघुवीर गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में आयोजित 29वें वार्षिक एथलेटिक मीट 'पराक्रम 1.0' का समापन हो गया। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. देस राज बाजवा ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर छात्रों को नकद पुरस्कार व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। प्रिंसिपल ने विजेता खिलाडिय़ों को संबोधित करते हुए कहा कि यह मेडल और सर्टिफिकेट उनकी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने छात्रों को कहा कि आज खेल केवल फिटनेस तक सीमित नहीं है बल्कि खेलों में एक शानदार करियर भी है। कार्यक्रम में प्रो. हेमंत व भव्या ने मंच संचालन किया। इसके बाद शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. मुन्ना चौधरी ने विजेता खिलाडिय़ों के नामों की घोषणा की। उन्होंने पूरे आयोजन के लिए स्टाफ सदस्यों के साथ साथ स्पोर्ट्स व कमेटी के सदस्यों का धन्यवाद किया। इस मौके पर वाइस प्रिंसिपल डॉ अंजू जगपाल व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



अंबाला। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते प्राचार्य। फोटो :हरिभूमि

ये रहे परिणाम

▶▶ **दौड़ में** : पुरुष वर्ग में 100 मीटर दौड़ में अंकुश प्रथम, राहुल राणा द्वितीय और जोगिंदर सिंह तृतीय रहे। 200 मीटर दौड़ में राहुल राणा प्रथम, अंकुश द्वितीय और शिवम तृतीय रहे। 400 मीटर दौड़ में जोगिंदर सिंह प्रथम, गुरप्रीत सिंह द्वितीय और अरमान तृतीय रहे। 800 मीटर दौड़ में राहुल राणा प्रथम, जोगिंदर सिंह द्वितीय और गुरप्रीत तृतीय रहे। 5000 मीटर दौड़ में श्रेयम श्रीराम प्रथम, लक्ष्मण द्वितीय और आर्यन तृतीय रहे। लंबी कूद में राहुल राणा प्रथम, अंकुश द्वितीय और अक्षित तृतीय रहे।

▶▶ **ऊंची कूद**: अंकुश प्रथम, ध्रुव शर्मा द्वितीय और रुद्रम तृतीय रहे। शॉट पुट में ध्रुव शर्मा प्रथम, जोगिंदर सिंह द्वितीय और निखिल तृतीय रहे। डिस्कस थ्रो में ध्रुव शर्मा प्रथम, अंकुश द्वितीय और जोगिंदर सिंह तृतीय रहे। जैवलिन थ्रो में युवराज प्रथम, निखिल द्वितीय और ध्रुव शर्मा तृतीय रहे।

▶▶ **महिला वर्ग में 100 मीटर दौड़ में** : नगमा प्रथम, सुमन द्वितीय और मुस्कान तृतीय रहीं।

▶▶ **200 मीटर दौड़ में** : नगमा प्रथम, मुस्कान द्वितीय और अंजलि तृतीय रहीं। 400 मीटर दौड़ में लिशिका प्रथम, महक सैनी द्वितीय और रितिका तृतीय रहीं। 800 मीटर दौड़ में लिशिका प्रथम, सुमन द्वितीय और मुस्कान तृतीय रहीं।

▶▶ **5000 मीटर दौड़** : छवि प्रथम और श्रुति द्वितीय रहीं। लंबी कूद में दीक्षा प्रथम, रितिका द्वितीय और लिशिका तृतीय रहीं। ऊंची कूद में रितिका शर्मा प्रथम, नैंसी द्वितीय और प्रिया तृतीय रहीं। शॉट पुट में प्रिया प्रथम, गुरदेवी द्वितीय और अंजलि तृतीय रहीं। डिस्कस थ्रो में गुरदेवी प्रथम, प्रिया द्वितीय और अंजलि तृतीय रहीं।जैवलिन थ्रो में गुरदेवी प्रथम, छवि रानी द्वितीय और प्रिया तृतीय रहीं। अंकुश व गुरदेवी को ओवरऑल बेस्ट एथलीट चुना गया।

आरसीसी अंडरग्राउंड नाले का शुभारंभ जलभराव की समस्या से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

नगर पालिका के वार्ड नंबर 1 में लंबे समय से चली आ रही जलभराव की समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नगर पालिका चेयरमैन रजत मलिक ने वार्ड में बनने वाले आरसीसी अंडरग्राउंड नाले का नारियल फोड़कर विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर वार्ड सदस्य पवन कुमार भी मौजूद रहे। यह अंडरग्राउंड नाला मौजगढ़ रोड स्थित शनि मंदिर के समीप बनी पुलिया से लेकर एसटीपी प्लांट तक बनाया जाएगा। नाले के निर्माण से बरसात के दौरान क्षेत्र में होने वाले जलभराव की समस्या से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। मलिक ने बताया कि बारिश के दिनों में जनकपुरी कॉलोनी की ओर से आने वाले बरसाती पानी के कारण आसपास के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। अंडरग्राउंड नाले के माध्यम से बरसाती पानी को सीधे एसटीपी प्लांट तक पहुंचाया जाएगा, जिससे सड़कों और गलियों में पानी जमा होने की समस्या को कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि नगर पालिका प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की ड्रेनेज व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए इस कार्य के बाद महाराणा प्रताप चौक से एसटीपी प्लांट तक एक अन्य बड़े नाले का निर्माण भी शीघ्र शुरू करवाया जाएगा। इस परियोजना को क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।


बराड़ा। नाले के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए चेयरमैन रजत मलिक।

स्वच्छता का संदेश लेकर छात्रों ने निकाली रैली

बराड़ा। गांधी जयंती के उपलक्ष्य में संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल में स्वच्छता पखवाड़े के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के छात्रों ने स्वच्छता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाकर की । विद्यार्थियों ने सड़क पर तथा अपने आसपास कूड़ा-कर्कट न फेंकने और प्लास्टिक की थैलियों का प्रयोग न करने का संकल्प लिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने हाथों में स्वच्छता संबंधी संदेशों वाली तख्तियां लेकर तथा नारे लगाते स्कूल एवं आसपास रैली निकाली।


पीकेआर जैन स्कूल में व्यवस्थाओं की जानकारी लेते महिला आयोग की अध्यक्ष।

महिलाओं को मिलने वाली सुविधाओं को जांच कर जरूरी निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

■ महिला आयोग की अध्यक्ष ने पीकेआर जैन स्कूल व सी लाल अस्पताल का किया निरीक्षण

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष उषा प्रियादर्शी ने वीरवार को अंबाला शहर के पीकेआर जैन पब्लिक स्कूल तथा सी लाल अस्पताल का औचक निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाएं जांची। प्रियादर्शी ने सबसे पहले अंबाला शहर पीकेआर जैन पब्लिक स्कूल का निरीक्षण करते हुए यहां पर पढ़ रहे बच्चों की जानकारी ली। साथ ही शौचालयों, पेयजल व अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था को भी जांचा। उन्होंने स्कूल प्रधानाचार्य को यह भी निर्देश दिए कि पोस एक्ट के बारे कमेटी के सदस्यों के साथ-साथ यहां पढने वाले विद्यार्थियों (लड़कियों) को इस बारे जानकारी होनी चाहिए। इसके साथ-साथ स्कूल में शिकायत बॉक्स के साथ-साथ राइट टू एजूकेशन से संबंधित बोर्ड भी चस्पा होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि समय-समय पर जागरूकता शिविर भी यहां पर लगाए जाएं ताकि विद्यार्थियों को उनके अधिकारों एवं कानून के बारे में जानकारी मिल सके। प्रियादर्शी ने इसके उपरांत अम्बाला छावनी के सी. लाल अस्पताल का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर उषा प्रियादर्शी ने कहा कि हरियाणा राज्य महिला आयोग का उद्देश्य महिलाओं से संबंधित शिकायतों का तथ्यों के आधार पर त्वरित एवं नियमानुसार समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने यह भी कहा कि आयोग के समक्ष आने वाली प्रत्येक शिकायत में सभी संबंधित पक्षों को सुनने के बाद उपलब्ध तथ्यों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाता है। इस मौके पर महिला आयोग से अधिवक्ता अंकित भी मौजूद रहे।



विधायक ने मंडी में व्यवस्थाएं जांची

शहजादपुर। विधायक शैली चौधरी ने अनाज मंडी का दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने किसानों एवं आढ़तियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने मंडी में साफ-सफाई, पेयजल, बिजली, शौचालय, फसल खरीद और उठान सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारु रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा और सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता है।

पांच युवकों ने दुकानों में चोरी का किया प्रयास, सीसीटीवी कैमरे में हुए कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

शहर के कोट रोड पर देर रात पांच युवकों ने कई दुकानों के ताले तोड़ने का प्रयास किया। हालांकि ज्यादातर दुकानों में वे चोरी करने में सफल नहीं हो सके। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। दुकानदारों के मुताबिक, युवक रात करीब 12:12 बजे बाइक से पहुंचे थे और चेहरे ढके हुए थे। सुबह करीब 9:30 से पौने 10 बजे एसजी इलेक्ट्रोनिक्स के संचालक अंकित दुकान पर पहुंचे तो बाहर पाइप टूटा हुआ पड़ा था। पहले उन्हें लगा कि शायद किसी कुत्ते से पाइप टूटा होगा। इसके बाद उन्होंने दुकान के सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो पांच युवक दुकान के बाहर ताला खोलने का प्रयास करते दिखाई दिए। फुटेज के मुताबिक, युवक पहले ताला खोलने की कोशिश करते हैं। इसी दौरान सड़क पर वाहनों की आवाजाही होने के कारण वे वहां से हट जाते हैं। इसके बाद आसपास की अन्य दुकानों के ताले तोड़ने का प्रयास किया।



अंबाला। चोरों की जानकारी पुलिस को देते दुकानदार।

अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश

नारायणगढ़। एसडीएम शिवजीत भारती ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एक ही स्थान पर उचित मंच उपलब्ध करवाना प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी और प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी की सरकार का मुख्य उद्देश्य है।

डीसी ने सुनीं समस्याएं

अंबाला। उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की सार्थक पहल है। इसका उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करना है। सभी अधिकारी बेहतर समन्वय बनाकर समस्याओं के समाधान हेतु कार्य करें। उपायुक्त वीरवार को कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे।

पुलिस डीएवी स्कूल में अत्यंत श्रद्धा के साथ मनाई राष्ट्रपिता की जयंती

महात्मा गांधी की जयंती पर छात्रों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में वीरवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती का राष्ट्रीय पर्व अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने प्रभावशाली भाषण के माध्यम से महात्मा गांधी के जीवन, उनके सत्य एवं अहिंसा के सिद्धांतों तथा स्वतंत्रता संग्राम में उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक नृत्य-नाटिका में महात्मा गांधी के स्वतंत्रता आंदोलन एवं उनके जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंगों का सजीव चित्रण किया गया, जिसने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने मनमोहक देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। सभी प्रस्तुतियों द्वारा गांधी जी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, अनुशासन एवं सेवा के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा एक जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया गया। संपूर्ण आयोजन राष्ट्रप्रेम, नैतिक मूल्यों एवं गांधीवादी विचारों से ओत-प्रोत रहा।





प्रस्तुति की सराहना

स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. विकास कोहली ने बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुति की सराहना की तथा विद्यार्थियों को गांधी जी के आदर्शों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने तथा सत्य, अहिंसा और मानवता के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। सभी ने गांधी जी के विचारों को आत्मसात करने और स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं जिम्मेदार समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005